# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड

बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड,पटना की अनुषंगी कम्पनी
(निबंधित कार्यालय :— विद्युत भवन, बेली रोड, पटना—800021)
*CIN- U74110BR2012SGC018889*
*Email address- civil.dept@bsptcl.bihar.gov.in Website- www.bsptcl.in*

पत्रांक ..............................................पटना, दिनांक....................../

CE (C)/Trans./1247/2023

प्रेषक,

अंजनी कुमार,
मुख्य अभियंता (असैनिक)।

सेवा में,

महाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0),
बी0 एस0 पी0 टी0 सी0 एल0, पटना।

**विषयः** ग्रिड उपकेन्द्रों फतुहा एवं जक्कनपुर के आवासीय परिसर में पुराने जर्जर आवास को तोड़ने का कार्य एवं तोड़ने से प्राप्त सामग्रियों की नालामी हेतु अल्पकालीन नीलामी सूचना के प्रकाशन के संबंध में।

**प्रसंगः** 1.इस कार्यालय का कार्यालय आदेश संख्या— 17, संसूचित ज्ञापांक—361, दिनांक—16.08.2023
2.अधीक्षण अभियंता (असैनिक), संचरण असैनिक अंचल, पटना का पत्रांक— 124, दिनांक— 08.09.2023
3. इस कार्यालय का पत्रांक— 435, दिनांक— 10.10.2023
4.उप सचिव, बी0 एस0 पी0 टी0 सी0 एल0, पटना का पत्रांक— 2707, दिनांक—02.11.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के प्रासंगिक पत्र द्वारा ग्रिड उपकेन्द्रों फतुहा एवं जक्कनपुर के आवासीय परिसर में पुराने जर्जर आवास को तोड़ने का कार्य एवं तोड़ने से प्राप्त सामग्रियों की नालामी हेतु अल्पकालीन नीलामी सूचना के प्रकाशन हेतु पत्र प्रेषित की गई थी जिसे उप सचिव के पत्रांक—2707, दिनांक— 02.11.2023 द्वारा लगभग 20 दिन बीतने के उपरांत पत्र में यह अंकित करते हुए "नीलामी सूचना संख्या, प्रकाशन सामग्री सॉफ्ट कॉपी (MS Word) में एवं नीलामी प्रक्रिया के शर्तें अप्राप्त रहने के कारण " लौटायी गई।

विदित हो कि इस कार्यालय द्वारा प्रेषित पत्र के साथ नीलामी सूचना संख्या के साथ नीलामी की शर्त भी स्पष्ट रूप से अंकित रहा है। जहाँ तक सॉफ्ट कॉपी की बात थी उसे व्यक्तिगत रूप से भी संबंधित कार्यालय सहायक द्वारा प्राप्त किया जा सकता था।

इससे इत्तर यह भी ज्ञात कराना है कि उप सचिव द्वारा प्रेषित पत्र के साथ नमूने के तौर पर पेड़ों की नीलामी से संबंधित नीलामी प्रक्रिया की पत्र संलग्न किया गया है जबकि प्रासंगिक मामला जर्जर आवास तोड़ने से संबंधित है। फलतः प्राप्त नमूना प्रासंगिक प्रतीत नहीं होता है।

प्रसंगवश यह उल्लेख करना उचित प्रतीत होता है कि विषयांकित मामले पर निदेशक मंडल का अगस्त, 2023 में हीं अनुमोदन प्राप्त है।

पुनः अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या— 01/2023—24 एवं 02/2023—24 की आमंत्रण सूचना राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्रों में प्रकाशन की व्यवस्था करने की कृपा की जाय जिसकी विवरणी निम्न प्रकार हैः—

| क्र0 सं0 | नीलामी सूचना संख्या | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1. | 01/2023—24 | 220/132/33 के0 वी0 ग्रिड उपकेन्द्र, फतुहा मे अवस्थित जर्जर एवं परित्यक्त 32 नं0 H-type Qtr., 01 Nos. E- Type Qtr. एवं 01 नं0 निरीक्षण भवन तोड़ने का कार्य एवं तोड़ने से प्राप्त सामग्रियों की नीलामी। |
| 2. | 02/2023—24 | 132/33 के0वी0 ग्रिड उपकेन्द्र, जक्कनपुर स्थित डी0वी0सी0 कॉलोनी के पुराने एवं क्षतिग्रस्त विभागीय आवास—सहायक कार्यपालक अभियंता, F—टाईप (6A, 6B), G—टाईप (7A, 7B), (8A, 8B), (9A, 9B), (10A, 10B), (11A, 11B), (12A, 12B) को तोड़ने का कार्य एवं तोड़ने से प्राप्त सामग्रियों की नीलामी। |

अनु0— तथैव।

विश्वासभाजन,
ह0/—
(अंजनी कुमार)
मुख्य अभियंता (असैनिक)

ज्ञापांक......471...... पटना, दिनांक ......03/11/2023

प्रतिलिपिः— अनुलग्नक सहित डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर, बी0 एस0 पी0 टी0 सी0 एल0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित।

आग्रह है कि इसे कम्पनी की वेबसाइट पर अपलोड करना चाहेंगें।

अनु0— तथैव।

03.11.23

(अंजनी कुमार)
मुख्य अभियंता (असैनिक)

# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना

(बिहार सरकार का उपक्रम)
Registered Office :- 4th Floor, Vidyut Bhawan, Patna- 21
CIN NO. U74110BR2012SGC018889, Website – www.bsptcl.in
कार्यपालक अभियंता (असैनिक)
संचरण असैनिक प्रमण्डल, पटना
ई–मेल tcd.patna@bsptcl.bihar.gov.in
बैरक सं0– 02, राजवंशी नगर, पटना–800023

## अल्पकालीन नीलामी सूचना
## आमंत्रण सूचना संख्या–01 वर्ष 2023–24

समुचित श्रेणी में अनुभवी निबंधित संवेदक/फर्म 220/132/33 के0 वी0 ग्रिड उपकेन्द्र, फतुहा के परिसर में पुराने जर्जर परित्यक्त आवासीय भवन को तोड़ने का कार्य एवं तोड़ने से प्राप्त सामग्रियों की नीलामी के लिए दिनांक– 14/11/2023 को दोपहर 2:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में बोली लगाई जायेगी। बोली लगाने की न्यूनतम राशि नीचे दिये गये कॉलम में निर्धारित है। नीलामी में भाग लेनेवाले निबंधित संवेदक/फर्म को दिनांक 13/11/2023 को शाम 1:00 बजे तक जमानत की निर्धारित राशि डिमांड ड्राफ्ट के द्वारा जमा करना होगा। संवेदक/फर्म को निबंधन जी0 एस0 टी0 (GST) सं0, आधार सं0, डिमांड ड्राफ्ट एवं पैन कार्ड की छायाप्रति आवेदन के साथ भी संलग्न कर जमा करना होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | न्यूनतम संरक्षण राशि रू0 | जमानत की राशि रू0 |
|---|---|---|---|
| 1. | 220/132/33 के0 वी0 ग्रिड उपकेन्द्र, फतुहा मे अवस्थित जर्जर एवं परित्यक्त 32 नं0 H-type Qtr., 01 Nos. E- Type Qtr. एवं 01 नं0 निरीक्षण भवन तोड़ने का कार्य एवं तोड़ने से प्राप्त सामग्रियों की नीलामी। | रू0 85,443/– | रू0 8600/– |

नीलामी की शर्त्त निम्न है:–

1) समुचित श्रेणी में अनुभवी निबंधित संवेदक/फर्म के निबंधन की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
2) संवेदक/फर्म के पैन कार्ड, जी0 एस0 टी0 सं0 एवं रजिस्ट्रेशन की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
3) निर्धारित जमानत राशि का डिमांड ड्राफ्ट 'लेखा पदाधिकारी, संचरण असैनिक अंचल, पटना' के नाम से देय होगा।
4) अधिकत्तम बोली लगाने वाले के नीलामी की राशि का डिमांड ड्राफ्ट 'लेखा पदाधिकारी, संचरण असैनिक अंचल, पटना' के नाम से 48 घंटे के अन्दर जमा करना होगा।
5) नीलामी की राशि प्राप्त हो जाने के बाद संवेदक को कार्यादेश निर्गत किया जायेगा
6) सभी असफल संवेदक की जमानत की राशि कार्यादेश निर्गत के बाद ही लौटाया जायेगा।
7) सफल संवदेक को कार्यादेश निर्गत के 60 दिनों के अन्दर भवन को तोड़कर सामग्री को स्थल से हटाने का कार्य पूर्ण करना होगा।
8) सफल संवेदक को कार्य पूर्ण करने के पश्चात् ही जमानत की राशि लौटाई जायेगी।
9) नीलमी की राशि में सभी प्रकार का कर सम्मिलित होगा।

"विवादों के निष्पादन के लिए लोक अदालत का लाभ उठायें।
परस्पर सहमति से न्यायिक निर्णय प्राप्त करें।
समय एवं खर्च की बचत करें।"

03/11/23

( इरफान अंसारी )
कार्यपालक अभियंता (असैनिक)
संचरण असैनिक प्रमण्डल, पटना।

# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना

(बिहार सरकार का उपक्रम)
Registered Office :- 4th Floor, Vidyut Bhawan, Patna- 21
CIN NO. U74110BR2012SGC018889, Website – www.bsptcl.in
कार्यपालक अभियंता (असैनिक)
संचरण असैनिक प्रमण्डल, खगौल
ई–मेल tcd.khagaul@bsptcl.bihar.gov.in
वैरक सं0– 01, राजवंशी नगर, पटना–800023


## अल्पकालीन नीलामी सूचना
## आमंत्रण सूचना संख्या–02 वर्ष 2023–24

समुचित श्रेणी में अनुभवी निबंधित संवेदक/फर्म डी0 वी0 सी0 कॉलोनी, जक्कनपुर, पटना के आवासीय परिसर में पुराने जर्जर आवास को तोड़ने का कार्य एवं तोड़ने से प्राप्त सामग्रियों की नीलामी के लिए दिनांक–14/11/2023 को दोपहर 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में वोली लगाई जायेगी। वोली लगाने की न्यूनतम राशि नीचे दिये गये कॉलम में निर्धारित है। नीलामी में भाग लेनेवाले निबंधित संवेदक/फर्म को दिनांक 13/11/2023 को शाम 5:00 वजे तक जमानत की निर्धारित राशि डिमांड ड्राफ्ट के द्वारा जमा करना होगा। संवेदक/फर्म को निवंधन जी0 एस0 टी0 (GST) सं0, आधार सं0, डिमांड ड्राफ्ट एवं पैन कार्ड की छायाप्रति आवेदन के साथ भी संलग्न कर जमा करना होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | न्यूनतम संरक्षण राशि रू0 | जमानत की राशि रू0 |
|---|---|---|---|
| 1. | 132/33 के0वी0 ग्रिड उपकेन्द्र, जक्कनपुर स्थित डी0वी0सी0 कॉलोनी के पुराने एवं क्षतिग्रस्त विभागीय आंवास–सहायक कार्यपालक अभियंता, F–टाईप (6A, 6B), G–टाईप (7A, 7B), (8A, 8B), (9A, 9B), (10A, 10B), (11A, 11B), (12A, 12B) को तोड़ने का कार्य एवं तोड़ने से प्राप्त सामग्रियों की नीलामी। | रू0 45,292/– | रू0 4530/– |

<u>नीलामी की शर्त्त निम्न है:–</u>

1) समुचित श्रेणी में अनुभवी निबंधित संवेदक/फर्म के निबंधन की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
2) संवेदक/फर्म के पैन कार्ड, जी0 एस0 टी0 सं0 एवं रजिस्ट्रेशन की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
3) निर्धारित जमानत राशि का डिमांड ड्राफ्ट 'लेखा पदाधिकारी, संचरण असैनिक अंचल, पटना' के नाम से देय होगा।
4) अधिकत्तम बोली लगाने वाले के नीलामी की राशि का डिमांड ड्राफ्ट 'लेखा पदाधिकारी, संचरण असैनिक अंचल, पटना' के नाम से 48 घंटे के अन्दर जमा करना होगा।
5) नीलामी की राशि प्राप्त हो जाने के बाद संवेदक को कार्यादेश निर्गत किया जायेगा
6) सभी असफल संवेदक की जमानत की राशि कार्यादेश निर्गत के बाद ही लौटाया जायेगा।
7) सफल संवदेक को कार्यादेश निर्गत के 60 दिनों के अन्दर भवन को तोड़कर सामग्री को स्थल से हटाने का कार्य पूर्ण करना होगा।
8) सफल संवेदक को कार्य पूर्ण करने के पश्चात् ही जमानत की राशि लौटाई जायेगी।
9) नीलमी की राशि में सभी प्रकार का कर सम्मिलित होगा।

"विवादों के निष्पादन के लिए लोक अदालत का लाभ उठायें।
परस्पर सहमति से न्यायिक निर्णय प्राप्त करें।
समय एवं खर्च की वचत करें।"

ऋषिकेश
03/11/2023

(ऋषिकेश कुमार)
कार्यपालक अभियंता (असैनिक)
संचरण असैनिक प्रमण्डल, खगौल।